Roll No. ............................ **INTERMEDIATE (IPC)** **NOV 2018**

Total No. of Questions – 7 **GROUP I - PAPER 2** Total No. of Printed Pages – 12

**BUSINESS LAWS, ETHICS AND COMMUNICATION**

Time Allowed – 3 Hours Maximum Marks – 100

# EMW-H

Answers to questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate has not opted for Hindi Medium, his/her answers in Hindi will not be valued.

Question No. 1 is compulsory.

Candidates are also required to answer any **five** questions from the remaining **six** questions.

**Marks**

1. (a) A had borrowed from B the amounts as detailed below : 5

| Date of Borrowing | Amount ₹ | Due Date |
|---|---|---|
| 01-06-2018 | 25,000 | 01-08-2018 |
| 15-06-2018 | 37,500 | 03-08-2018 |
| 27-06-2018 | 13,000 | 15-08-2018 |
| 01-07-2018 | 24,000 | 21-08-2018 |

On 15-08-2018, A paid B ₹ 13,000 with a request to appropriate the same against amount borrowed on 27-06-2018. Does A, as a debtor, have a right to decide the debt towards which payment is to be appropriated ? Explain with reference to Indian Contract Act, 1872.



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(b) ACE Builders Ltd. issued a prospectus which contained mis-statement about the prospects of the Company from a project to be undertaken with an intent to defraud the applicants for securities. Discuss the provisions of law relating to criminal liability for mis-statement in the prospectus under the Section 34 of the Companies Act, 2013. 5

(c) "Various performance and reporting standards have been introduced as external standards." In the context of this, comment on the following standards : 5

(i) Social Accountability 8000 and

(ii) AA1000.

(d) "There are certain barriers to effective communication." Explain and state the role of the following types of barriers and its effects on the communication. 5

(i) Filtering and

(ii) Cultural Barriers.

2. (a) (i) In September 2016 there was a labour unrest and as a result fire broke out in ABC Cotton Mills in which a major part of the factory and stock was destroyed resulting in severe financial loss to the establishment. ABC Cotton Mills submitted an application to the Appropriate Government for grant of exemption from paying minimum bonus. 4

Discuss whether such exemption could be granted to the Mills by Appropriate Government under the provisions of Payment of Bonus Act, 1965 ?



© The Institute of Chartered Accountants of India

**Marks**

(ii) Mr. X was the owner of a factory to which the Payment of Gratuity Act, 1972 was applicable. Mr. X had appointed Mr. D as the Labour Officer for the Factory and given his specific instructions for ensuring compliance with provisions of various labour laws. Subsequently it was found that Mr. D had made certain false statements and manipulated the records which had resulted in non-payment of gratuity to certain employees in contravention of the provisions of Payment of Gratuity Act, 1972. The Inspector detected the irregularities and sent notice to Mr. X. Does Mr. X have any defense ? Explain with reference to provisions of Payment of Gratuity Act, 1972. **4**

(b) "Pollution in any form is dangerous to society." In the context of this, comment on (i) Air pollution and (ii) Water pollution. **4**

(c) What is Emotional Intelligence ? Discuss the social competence associated with the Emotional Intelligence. **4**

3. (a) (i) Y advances Z a loan of ₹ 10,000 on the guarantee of X, at an interest of 10%. Subsequently, as Z was having some financial problems, Y reduced the rate of interest to 7% and also extended time for repayment of loan without the consent of X. Z becomes insolvent. Can Y sue X for recovery of amount ? **4**

(ii) Amar offered to sell his flat to Akbar for ₹ 1,00,000. Akbar replied purporting to accept the offer and wrote to Amar promising to pay the amount in 5 equal instalments of ₹ 20,000 each. Examine the legal position. **4**



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(b) Discuss any four practices widely recognized as discriminatory at the workplace. 4

(c) "Consensus means overwhelming agreement. but in reaching the consensus one has to go through a process of orientation." Discuss and explain the process for building consensus. 4

4. (a) (i) PQR Ltd. had issued 10000 shares of ₹ 10 each, on which company called up ₹ 7.50 per share. However, Mr. C, a shareholder of PQR Ltd., deposited in advance the remaining amount due on his shares without any calls made by PQR Ltd. Referring to the provisions of the Companies Act, 2013, state the rights and liabilities of Mr. C, which will arise by the payment of calls made in advance. 4

(ii) A company cannot issue shares at a discount as per Section 53 of the Companies Act, 2013. Explain the exception to this provision, if any, with reference to Companies Act, 2013. 4

(b) What do you understand by Ecological Ethics ? Explain. 4

(c) What are the merits of grapevine phenomenon in communication ? Explain. 4

5. (a) (i) X draws a bill of exchange on Y. Y authorises his agent Z to sign the bill on his behalf to signify acceptance of the same. Z while signing the bill did not indicate that he is signing it on behalf of Y. Will Z be personally liable ? Discuss with reference to the provisions of the Negotiable Instruments Act, 1881. 4



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(ii) X is the holder of a bill of exchange of which Y is the payee and it contains the following endorsement in blank : 4

First endorsement. "Y" Second endorsement. "C"

Third endorsement. "D" Fourth endorsement. "E"

X, the holder, intentionally strikes out the endorsement by D and C. Will E be liable to X ? Discuss with reference to the provisions of the Negotiable Instruments Act, 1881.

(b) Define the term Small Company as defined in Companies Act, 2013. 4

(c) Comment on the "Utilitarian Approach" and the "Rights Approach" as sources of ethical standards. 4

6. (a) XYZ Energy Ltd., set up with the object of setting up a windmill project, raised money from public through prospectus and still has unutilised amount out of the money raised. XYZ Energy Ltd. proposes to change its objects and for this purpose consent of shareholders has to be obtained by passing a special resolution by Postal ballot. Explain the procedure to be followed for transacting the business of the general meeting of members of a company through postal ballot for passing special resolution. 8

(b) State whether following statements are correct or incorrect : 1×4 =4

(i) Extraordinary Meeting of a company could be held only four times in a year.

(ii) A cheque endorsed 'Not Negotiable' cannot further be endorsed.

(iii) A holder of a 'generally' crossed cheque can cross it 'specially'.

(iv) 'Transfer of shares' and 'transmission of shares' are synonymous.

(c) Draft an Indemnity Bond to be given to a Nationalized Bank by its depositor for the loss of Deposit certificates. 4



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

7. Answer any **four** of the following :

(a) The Provident Fund Commissioner made an Order u/s 7A of the Employees' Provident Fund and Miscellaneous Provisions Act, 1952 determining the amount of contribution payable with respect to certain employees of ABC Private Limited. Subsequently ABC Private Ltd. discovered new evidence which would enable the company to get a favourable order. Whether the company can apply for review of Order passed u/s 7A of the Act ? Discuss. 4

(b) MPN Limited allotted shares to the public without issuing a prospectus. Discuss the validity of such allotment and list out any five circumstances when allotment can be deemed to be irregular. 4

(c) State the differences between the debenture and shares. 4

(d) What do you understand by Corporate Social Responsibility (CSR) and its policies ? Discuss. 4

(e) Discuss in brief any four ethical dilemmas faced while making communication. 4

---



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

**(Hindi Version)**

उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देने हैं ।

वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, हिन्दी में उत्तर देता है,

तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।

प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है ।

शेष **छः** प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

Marks

1. (a) A ने B से निम्नांकित विवरण के अनुसार राशि उधार ली : 5

| **ऋण लेने की तिथि** | **राशि** | **देय तिथि** |
|---|---|---|
| | **₹** | |
| 01-06-2018 | 25,000 | 01-08-2018 |
| 15-06-2018 | 37,500 | 03-08-2018 |
| 27-06-2018 | 13,000 | 15-08-2018 |
| 01-07-2018 | 24,000 | 21-08-2018 |

दिनांक 15-08-2018 को A ने B को ₹ 13,000 की राशि का भुगतान इस प्रार्थना के साथ किया कि उसका नियोजन 27-06-2018 को ऋण ली गई राशि के विरुद्ध किया जाय । क्या A, जो एक ऋणी है, को यह निर्णय करने का अधिकार है कि उसके द्वारा भुगतान की गई राशि का नियोजन किस ऋण के विरुद्ध किया जावे । भारतीय अनुबन्ध अधिनियम, 1872 के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए ।



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(b) ACE बिल्डर्स लिमिटेड एक ऐसा प्रविवरण निर्गमन करते हैं जिसमें प्रतिभूतियों के आवेदकों से कपट करने के उद्देश्य से कम्पनी द्वारा लिए जाने वाली परियोजना की सम्भावनाओं के बारे में असत्य कथन शामिल है । कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 34 के अन्तर्गत असत्य कथन के लिए आपराधिक दायित्व सम्बन्धी कानूनी प्रावधानों का उल्लेख कीजिए । 5

(c) "बाह्य मानकों के रूप में विभिन्न निष्पादनीयता एवं रिपोर्टिंग मानकों को लागू किया गया है ।" इस कथन के संदर्भ में निम्न पर टिप्पणी कीजिए : 5

(i) सामाजिक उत्तरदायित्व 8000, एवं

(ii) AA 1000

(d) "प्रभावी संचार की कुछ निश्चित बाधाएँ है ।" स्पष्ट कीजिए तथा निम्नलिखित प्रकार की संचार की बाधाओं की भूमिका तथा उनका संचार पर प्रभाव स्पष्ट कीजिए : 5

(i) छानने की प्रक्रिया तथा

(ii) सांस्कृतिक बाधाएँ

2. (a) (i) ABC कॉटन मिल्स में सितम्बर 2016 में श्रम अशान्ति थी, परिणामतः मिल में आग लग गई जिससे कारखानें एवं रहतिया का एक बड़ा हिस्सा नष्ट हो गया, जिससे संस्थान को अत्यधिक वित्तीय हानि उठानी पड़ी । ABC कॉटन मिल्स ने न्यूनतम बोनस भुगतान के दायित्व से मुक्ति पाने के लिए उपयुक्त सरकार के पास आवेदन पत्र प्रस्तुत किया । 4

समझाइये कि क्या बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 के प्रावधानों के अन्तर्गत उपयुक्त सरकार द्वारा ABC कॉटन मिल्स को ऐसी मुक्ति प्रदान की जा सकती है ।



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(ii) Mr. X एक ऐसे कारखानें के स्वामी थे जिस पर ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972 लागू होता था । Mr. X ने Mr. D को कारखाने के लिए श्रम अधिकारी नियुक्त किया तथा उसको निर्दिष्ट निर्देशन विभिन्न श्रम कानूनों के प्रावधानों की पालना सुनिश्चित करने के दिये । बाद में यह पता चला कि Mr. D ने कुछ मिथ्या विवरण दिये तथा अभिलेखों में हेराफेरी की जिसका परिणाम ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972 के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए कुछ कर्मचारियों को ग्रेच्युटी भुगतान न करने के रूप में हुआ । निरीक्षक ने अनियमितताओं को पकड़ लिया तथा Mr. X. को नोटिस भेजा । क्या Mr. X को कोई बचाव उपलब्ध है ? ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के संदर्भ में समझाइये । 4

(b) "प्रदूषण चाहे किसी भी रूप में हो, समाज के लिए खतरा है ।" इस कथन के संदर्भ में टिप्पणी कीजिए : 4

(i) वायु प्रदूषण (ii) जल प्रदूषण

(c) संवेगात्मक बुद्धि (EI) क्या है ? संवेगात्मक बुद्धि से जुड़ी सामाजिक क्षमताओं को समझाइये । 4

3. (a) (i) Y ने Z को X की गारन्टी पर ₹ 10,000 का ऋण 10 प्रतिशत ब्याज पर दिया । बाद में, क्योंकि Z की कुछ वित्तीय समस्यायें थी, Y ने बिना X की सहमति लिए ब्याज की दर को घटाकर 7 प्रतिशत कर दिया तथा भुगतान की समयावधि को भी बढ़ा दिया । Z दिवालिया हो जाता है । क्या Y राशि की वसूली के लिए X पर वाद प्रस्तुत कर सकता है ? 4

(ii) अमर अपना फ्लेट अकबर को ₹ 1,00,000 में बेचने का प्रस्ताव करता है । अकबर प्रस्ताव को स्वीकार करने का आशय प्रकट करते हुए फ्लेट की राशि को ₹ 20,000 की पाँच बराबर किश्तों में भुगतान करने का पत्र अमर को लिखता है । वैधानिक स्थिति का परीक्षण कीजिए । 4



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(b) कार्यस्थलों पर सामान्यतः स्वीकृत किन्हीं चार विभेदात्मक व्यवहारों को समझाइये । 4

(c) "अनुकूलता का अर्थ है प्रसन्नतादायक समझौता, किन्तु अनुकूलता तक पहुँचने के लिए आमुखीकरण (orientation) की प्रक्रिया से गुजरना होता है । विवेचना कीजिए तथा अनुकूलता निर्माण की प्रक्रिया को समझाइये । 4

4. (a) (i) PQR लिमिटेड ने ₹ 10 वाले 10,000 अंशों का निर्गमन किया था जिस पर कम्पनी ने ₹ 7.50 प्रति अंश की याचना की है । किन्तु Mr. C जो कम्पनी का अंशधारी है, ने PQR Ltd. द्वारा याचना किये बिना ही शेष राशि अग्रिम रूप में कम्पनी में जमा करवा दी । कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के संदर्भ में, याचना राशि के अग्रिम भुगतान से उत्पन्न होने वाले Mr. C के अधिकारों एवं दायित्वों को समझाइये । 4

(ii) कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 53 के प्रावधानों के अनुसार एक कम्पनी बट्टे पर अंशों का निर्गमन नहीं कर सकती । कम्पनी अधिनियम, 2013 के संदर्भ में इस प्रावधान के अपवाद, यदि कोई हो, तो समझाइये । 4

(b) पारिस्थितिक नीतिशास्त्र से आप क्या समझते हैं ? समझाइये । 4

(c) अंगूरीलता संचार के क्या गुण हैं ? समझाइये । 4

5. (a) (i) X, Y पर एक विनिमय-विपत्र आहरित करता है । Y बिल पर स्वीकृति प्रकट करने के लिए अपने एजेन्ट Z को उसकी (Y) की ओर से विनिमय-विपत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए अधिकृत करता है । Z विपत्र पर हस्ताक्षर करते हुए यह प्रदर्शित नहीं करता कि वह इस पर Y की ओर से हस्ताक्षर कर रहा है । क्या Z विपत्र के लिए व्यक्तिगत रूप से दायी होगा ? विनिमय-साध्य प्रलेख अधिनियम, 1881 के प्रावधानों के संदर्भ में समझाइये । 4



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(ii) X एक विनिमय-पत्र का धारक है, जिसका Y आदाता (Payee) है तथा इस पर निम्नांकित रिक्त पृष्ठांकन किये गये है : 4

प्रथम पृष्ठांकन "Y" द्वितीय पृष्ठांकन "C"

तृतीय पृष्ठांकन "D" चतुर्थ पृष्ठांकन "E"

X, जो धारक है, जानबूझकर 'D' तथा 'C' द्वारा पृष्ठांकन को काट देता है । क्या E, X के प्रति दायी होगा ? विनिमय-साध्य प्रलेख अधिनियम, 1881 के प्रावधानों के संदर्भ में समझाइये ।

(b) कम्पनी अधिनियम, 2013 में दी गई परिभाषा के अनुरूप 'लघु कम्पनी' को परिभाषित कीजिए । 4

(c) नीतिगत स्तरों के स्रोत के रूप में "उपयोगितावादी दृष्टिकोण" तथा "अधिकार दृष्टिकोण" को समझाइये । 4

6. (a) XYZ एनर्जी लिमिटेड, जिसका निर्माण एक पवनचक्की परियोजना के स्थापना के उद्देश्य से किया गया था, ने प्रविवरण के माध्यम से जनता से धन जुटाया तथा जुटाये गये धन में से कम्पनी के पास अभी भी उपयोग में नहीं ली गई राशि है । XYZ एनर्जी लि. अपने उद्देश्यों में परिवर्तन करना चाहती है तथा इस हेतु अंशधारियों की सहमति डाक-मत-पत्र (Postal ballot) द्वारा विशेष प्रस्ताव पारित करके प्राप्त की जानी है । कम्पनी के सदस्यों की सामान्य सभा की कार्यवाही डाक-मत-पत्र द्वारा विशेष प्रस्ताव पारित करने हेतु संचालित करने की विधि समझाइये । 8

(b) बतलाइये कि निम्नलिखित कथन सत्य हैं अथवा असत्य : 1×4 =4

(i) कम्पनी की असाधारण सभा केवल वर्ष में चार बार बुलाई जा सकती है ।

(ii) एक चैक जिस पर 'अपरक्राम्य' (Not Negotiable) पृष्ठांकन किया गया है, का आगे पृष्ठांकन नहीं किया जा सकता ।

(iii) एक 'सामान्य रेखांकित' चैक का धारक इसे विशेष रेखांकित कर सकता है ।

(iv) अंशों का हस्तान्तरण एवं अंशों का हस्तांकन समानार्थक है ।

(c) एक राष्ट्रीयकृत बैंक को इसके जमाकर्ता द्वारा जमा प्रमाण-पत्र के खो जाने पर दिये जाने वाले क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए । 4



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

7. किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(a) प्रावधायी निधि आयुक्त ने कर्मचारी प्रावधायी निधि एवं विविध भुगतान अधिनियम, 1952 की धारा 7A के अन्तर्गत ABC प्राईवेट लिमिटेड के कुछ कर्मचारियों के सम्बन्ध में अंशदान की भुगतान की जाने वाली राशि का निर्धारण करते हुए एक आदेश पारित किया है । पश्चातवर्ती, ABC प्राईवेट लिमिटेड ने ऐसे नये साक्ष्यों का पता लगाया है जो कम्पनी को अपने पक्ष में आदेश प्राप्त करने में सक्षम बनाता है । क्या कम्पनी इस अधिनियम की धारा 7A के अन्तर्गत पारित आदेश के पुनर्निरीक्षण के लिए आवेदन कर सकती है ? समझाइये । 4

(b) MPN लिमिटेड ने प्रविवरण निर्गमित किये बिना ही जनता को अंशों का आबंटन किया । इस प्रकार किये गये आबंटन की वैधता समझाइये तथा कोई भी ऐसी पाँच परिस्थितियों को बतलाइये जिनमें आबंटन को अनियमित माना जा सकता है । 4

(c) ऋणपत्रों एवं अंशों के मध्य अन्तर को समझाइये । 4

(d) निगमीय सामाजिक दायित्व (CSR) तथा इसकी नीतियों से आप क्या समझते हैं ? समझाइये । 4

(e) संचार करते समय उत्पन्न होने वाले किन्हीं चार नीति-शास्त्रीय दुविधाओं को संक्षिप्त में समझाइये । 4

---



© The Institute of Chartered Accountants of India